मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अधीन पंजीकृत संस्था)
अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन भोपाल

क्रमांक / एनआरईजीए–एम.आई.एस. / एन.आर.–10 / 6940 भोपाल, दिनांक 8-7-10

प्रति,

1. कलेक्टर / जिला कार्यक्रम समन्वयक
   महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना

2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी / अति. जिला कार्यक्रम समन्वयक
   महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना
   जिला पंचायत– .... (समस्त 50 जिले)

विषय :– वित्तीय वर्ष 2010–11 एम.आई.एस. की प्रगति में सुधार करने बाबत ।

––––0––––

जिलों को निरंतर कार्यालयीन पत्राचार एवं नियमित वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से अवगत कराया जा रहा हैं कि प्रत्येक माह की मासिक प्रगति प्रतिवेदन एम.आई.एस. साफ्टवेयर में दर्ज / अपलोड डाटा के आधार पर सृजित होगा एवं एनआरईजीए पोर्टल पर प्रतिवेदित प्रगति के आधार पर जिलों को राशि का आवंटन किया जायेगा।

माह मई 2010 का एम.आई.एस. के माध्यम से सृजित मासिक प्रगति प्रतिवेदन तथा जिलों द्वारा किये गये एम.आई.एस. प्रगति का प्रतिशत की जानाकरी संलग्न हैं। अतः ऐसे समस्त जिले जिनकी एम.आई.एस. प्रगति 75 प्रतिशत से कम हैं, विशेष मुहिम चलाकर दिनांक 10 जुलाई 2010 तक डाटा फीड कर अपलोड करना सुनिश्चित करें ।

एनआरईजीए पोर्टल पर कम से कम 75 प्रतिशत भौतिक द वित्तीय प्रगति प्रदर्शित होना आवश्यक है अन्यथा भारत सरकार अथवा परिषद द्वारा जिलों को राशि आवंटन न होने के कारण अगर जिलों में बेरोजगारी भत्ते की स्थिति निर्मित होती हैं तो इस संबंध में जिले कें अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि साफ्टवेयर में दर्ज प्रगति को प्रतिदिन अपलोड किया जावे तथा प्रत्येक माह की 10 तारीख तक गत माह तंक की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति एनआरईजीए पोर्टल पर अद्यतन हो जावे।

8/7/10

(शिव शेखर शुक्ला)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
म.प्र.राज्य रोजगार गारंटी परिषद,
भोपाल